# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 01.06.2024**

**अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये दहेज हत्या करने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना चौबिया पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 31.05.2024 को वादी बदले पुत्र बृजवासी निवासी ग्राम नगला कैथ थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी द्वारा थाना चौबिया पर सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री की शादी वर्ष 2017 में अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह निवासी खेड़ा हेलू थाना चौबिया के साथ हुयी थी परन्तु शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की तरफ से अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने के कारण दिनांक 30.05.2024 को अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह के द्वारा मेरी पुत्री की हत्या कर दी गयी। सूचना पर तत्काल थाना चौबिया पर मु0अ0सं0 73/2024 धारा 304/498A भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-**

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 01.06.2024 को थाना चौबिया पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार **पर मु0अ0सं0 73/2024 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह को भदामई पुल के पास से समय 06.35 बजे** गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. **अजीत पुत्र दुर्वीन सिंह निवासी ग्राम खेड़ा हेलू थाना चौबिया जनपद इटावा उम्र करीब 30 वर्ष**।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. **मु0अ0स0 73/2024 धारा 304/498ए भादवि व 3/4 डीपी एक्ट थाना चौबिया जनपद इटावा।**

**पुलिस टीम-** **थानाध्यक्ष श्री मंसूर अहमद थाना चौबिया इटावा, उ0नि0 अंकित पटेल, का0 प्रमोद कुमार, का0 रिपुदमन।**